साहित्य अकादेमी
'हिंदी सप्ताह'
14–18 सितंबर 2020

परिपत्र

सा.अ./रा.भा./2/2020 7 सितंबर 2020

साहित्य अकादेमी में 14–18 सितंबर 2020 तक 'हिंदी सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का विवरण इस प्रकार है :–

14 सितंबर 2020	पूर्वाह्न 11.00 बजे	उद्घाटन समारोह
	अपराह्न 02.30 बजे	अनुवाद प्रतियोगिता
15 सितंबर 2020	पूर्वाह्न 11.00 बजे	यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता
	मध्याह्न 12.00 बजे	निबंध प्रतियोगिता
	अपराह्न 2.30 बजे	श्रुतलेख प्रतियोगिता
18 सितंबर 2020	अपराह्न 4.00 बजे	पुरस्कार वितरण एवं समापन

आयोजित प्रतियोगिताओं के नियम :

अनुवाद प्रतियोगिता : इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कुछ अंग्रेज़ी अंशों का हिंदी तथा चयनित हिंदी अंशों का अंग्रेज़ी अनुवाद करना होगा। इसकी अवधि 60 मिनट होगी। इसमें हिंदी और हिंदीतर भाषी दो वर्ग होंगे।

यूनीकोड टंकण प्रतियोगिता : इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को दिए गए अनुच्छेद का हिंदी टंकण यूनीकोड में करना होगा। इसमें हिंदी आशुलिपिकों को छोड़कर अन्य हिंदी तथा हिंदीतर कर्मचारी भाग ले सकते हैं। इसकी अवधि 10 मिनट होगी।

निबंध लेखन प्रतियोगिता : इसमें दिए गए किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा। इसकी अवधि 60 मिनट की होगी। इसमें हिंदी तथा हिंदीतर भाषी दो वर्ग होंगे।

श्रुतलेख प्रतियोगिता : यह प्रतियोगिता केवल विविध कार्य कर्मचारियों के लिए है। इसके अंतर्गत हिंदी में उच्चरित पाठ को सुनकर उसे शुद्ध रूप में लिखना होगा।

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में अकादेमी के समस्त सहायक वर्ग के कर्मचारी तथा अनुबंधित कर्मचारी भाग ले सकते हैं। उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रत्येक वर्ग में एक प्रथम पुरस्कार 2000/– रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 1500/– रुपए है तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएँगे। इच्छुक कर्मचारी प्रपत्र भरकर श्री निशांत को 14 सितंबर 2020 तक अवश्य सौंप दें।

(अनुपम तिवारी)
प्रभारी, रा.का.स.